सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

क्षेका/ कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग/2024-25/855 दिनांक :28.09.2024

**विषय : संविदा आधार पर एफ एल सी सी, झालावाड एव कोटा प्रभारी की नियुक्ति**

हमारा बैंक एफ एल सी सी झालावाड एव कोटा प्रभारी हेतु आवेदन आंमत्रित करता है. इस हेतु निम्न प्रावधान रखे गए है -

1 आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव ( दिनांक 31.03.24 को )

| क्र | पद का नाम | आयु 31.03.2024 को | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव एवं अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एफ एल सी सी निदेशक/काउंसलर | अच्छे स्वास्थ्य के साथ आयु 65 वर्ष से कम हो | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता** - यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से स्नातक / पोस्ट ग्रेजुएट<br><br>**निम्न को प्राथमिकता/वरीयता दी जावेगी**<br><br>**किसी बैंक से रिटायर्ड क़षि वित्त अधिकारी/ग्रामीण विकास विभाग में कार्य किये हुए अधिकारी या जिन्होंने क़षि या ग्रामीण विकास विभाग में कार्य करते हुए मुख्य धारा में कनवर्जन लिया हो., जिला अग्रणी प्रबन्धक/क़षि, ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ट्रेनिंग सेंटर के संकाय सदस्य /ग्रामीण विकास में विशिष्ट कॉलेज**(College specalized in rural development) **के संकाय सदस्य आदि** | **अनिवार्य** :<br>**आवेदक बैंक आदि में न्यूनतम** 20 **वर्ष की सेवा कर रिटायर्ड या वी आर एस लिया हुआ हो जिसमें कम से कम** 15 **वर्ष अधिकारी केडर के रूप में कार्य किया हुआ हो,**<br><br>**आवेदक किसी बैंक में कम से कम तीन वर्ष शाखा प्रबंधक के रूप में या तीन वर्ष क़षि वित्त अधिकारी के रूप में कार्य किया हुआ हो.**<br><br>**आवेदक पूर्व नियोक्ता के यहाँ बेदाग सेवानिवत हुआ हो तथा पूर्व नियोकता से संतोषजनक सेवा प्रमाण पत्र प्राप्त किया हुआ हो. स्थानीय भाषा से पूर्णतया परिचित हो** (Well conversant with local language)<br><br>**न्यूनतम स्केल** -2 **से सेवा निव़त हो**<br><br>**राजस्थान राज्य का निवासी हो. उसी जिले वाले को प्राथमिकता दी जावेगी\|** |

आवेदक को संविदा आधार पर संतोषजनक कार्य निष्पादन केआधार पर एक वर्ष हेतु नियुक्त किया जावेगा. एक वर्ष बाद सदस्य की सेवाओं का रिन्यूवल पूणर्तया बैक के तत्कालीन नियमों, नीतियों के आधार पर बैंक के विशेषाधिकार (Sole discretion) पर किया जा सकता है .

2 **संविदा राशि एवं अन्य यात्रा खर्चे** : **आवेदक के सेवानिव़ति के दौरान अंतिम पे एवं भत्तों में से कम्यूटेशन से पूर्व निर्धारित पेंशन राशि कम करते हुए जो राशि आती है या रूपये पंद्रह हजार, इन**

दोनों में से जो कम हो संविदा राशि के रूप में मासिक अदा किये जा सकेंगे. इसके अलावा निर्वाचित आवेदक को रूपये 500/ प्रतिमाह मोबाईल, कन्वेंस के रूप में अलग से अदा किये जावेंगे. अंतिम पे एवं भत्तों में से कम्यूटेशन से पूर्व निर्धारित पेंशन राशि की धारणा केवल उन्हीं मामलों में की जा सकेगी, जिन्होने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से पेंशन विकल्प के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे है. जिन आवेदकों ने पेंशन विकल्प नहीं लिया हुआ हो और पेंशन नहीं ले रहे हो उनके मामलों में केवल संविदा राशि मासिक पन्द्रह हजार रूपये एवं रूपये 500/ मोबाईल एवं कन्वेंस के दिये जा सकेंगे. किसी भी आवेदक को अन्य कोई अतिरिक्त लाभ, चार्जेज, खर्चे आदि देय नहीं होंगे.

आवेदक को पद की आवश्यकता अनुसार यात्रा के टी ए/डीए का भुगतान सदस्य के रिटायरमेंट के समय के पद/ग्रेड के अनुसार किया जा सकेगा. अन्य कोई भत्ता या अन्य किसी भी व्यय का प्रतिपूरण नहीं किया जा सकेगा.

3 अवकाश : आवेदक को प्रति वर्ष 15 दिन, प्रतिमाह अधिकतम 02 दिन, का अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा.

4 जॉव प्रोफाईल : आवेदक एफ एल सी सी के डाइरेक्टर/काउंसलर के रूप में कार्य करेंगे तथा एफ एल सी सी से संबंधित समस्त कार्य सम्पन्न करेंगे.

5 चुनाव प्रक्रिया : योग्य आवेदक/कों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जावेगा. आवेदक के चयन का निर्णय पूर्णतया बैंक के निर्णय अनुसार होगा, जिसे कहीं विवाद का विषय नहीं बनाया जा सकेगा.

6 आवेदन की प्रस्तुति :अर्हता प्राप्त आवेदक अनेक्जर-ए में दिए गए फार्मेट में आवेदन पत्र भरें एक लिफाफे में आवेदन रखकर लिफाफे के उपर "Application for the post of Recruitment as Director/Counselor for FLCC on contract" लिखकर निम्न पते पर प्रेषित कर सकते है - क्षेत्रीय प्रबन्धक, सेन्ट्रल वैक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, होटल एयरलाइन्स बिल्डिंग, एम बी एस अस्पताल के सामने, नयापुरा कोटा 324001

7 आवेदन फीस :आवेदन फीस निशुल्क रखी गई है.

8 सामन्य अनुदेश

अ केवल वही सदस्य आवेदन प्रस्तुत करें जो उपरोक्त अनुसार आवेदन की अर्हताएं रखते हों. साथ ही आवेदन में सम्पूर्ण जानकारी पूणर्तया सहीं एवं स्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए. यदि बाद में यह पाया जाता है कि आवेदक निर्धारित अर्हताएं पूर्ण नहीं करता था और आवेदक द्वारा गलत जानकारी एवं सूचनाओं के आधार पर पद हासिल किया गया है तो ऐसी परिस्थिति में उसकी नियुक्ति तुरंत प्रभाव से बिना किसी नोटिस के रदद मानी जोवगी एवं बैंक सदस्य के विरूदध उचित कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगा.

ब किसी योग्य मामले में किसी भी अर्हता हेतु वैंक प्रबन्धन रियायत प्रदान कर सकता है. बैंक प्रबन्धन को यह अधिकार होगा कि वह उपरोक्त विज्ञापित पद को भरने या न भरने हेतु स्वतंत्र होगा.

स विदित हो कि केवल विज्ञापन के आधार पर आवेदन की शर्ते पूर्ण करने, एवं तदनुसार आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से किसी भी आवेदक को साक्षात्कार हेतु बुलावे का अधिकार प्रदान नहीं करता है.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय कोटा

9 **आवेदन की अंतिम तिथी : आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी** 15.10.2024 **रखी गई है, अंतिम तिथी तक आवेदन वर्णित पते पर पहुंच जाने चाहिए अन्यथा संबंधित आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा.**

[illegible] स्वामी
क्षेत्रीय प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय कोटा